दुबई से लिक्विड ऑक्सीजन पहुंचाकर की मदद

दिनेश कोठारी, दुबई
दुबई में शिक्षण स्कूल व अग्रणी व्यवसायी, यूएई

इस महामारी में अपनों की मदद करने का मौका मिला है।

श्री वैभव गहलोत
अध्यक्ष, राजस्थान क्रिकेट संघ

आज की मुश्किल घड़ी में प्रवासी राजस्थानियों द्वारा किये जा रहे योगदान का बड़ा महत्व है और इनको इस योगदान के लिए प्रदेश सदा याद रखेगा।

दुबई के प्रवासी राजस्थानी श्री दिनेश कोठारी ने दुबई से 20-20 मैट्रिक टन के 2 लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन टैंकर नि:शुल्क भिजवाए, जिनमें से जोधपुर पहुंचे एक टैंकर को श्री कोठारी की इच्छानुसार एम्स और एमजीएच में खाली करवाया गया।

विधायक मनीषा पंवार, मेयर (उ) कुंती परिहार और अनेक स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने रवाना किया।

शहर विधायक मनीषा पंवार, जेडीए के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र सोलंकी, महापौर उत्तर कुन्ती परिहार, कांग्रेस शहर के निवर्तमान जिला अध्यक्ष सईद अंसारी, कांग्रेस नेता प्रोफेसर अयूब खान ने दुबई से जोधपुर आए टैंकर को रिसीव किया। वहीं वर्चुअल रूप से कार्यक्रम में जुड़े राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव गहलोत। जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह ने भी संकट की घड़ी में प्रशासन का सहयोग करने के लिए सभी प्रवासियों का आभार जताया। इस अवसर पर डीआईसी जीएम एसके पालीवाल, नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त बजरंग सिंह, कार्यालय अधीक्षक सलाम अता उल्ला खान भी मौजूद थे।